**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3190**

**दिनांक 09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**तमिलनाडु में स्वास्थ्य परियोजनाएं**

**†3190. श्री नवसकनी के.:**

**श्री सी. एन. अन्नादुरई:**

**श्री जी. सेल्वम:**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा देश में विशेषकर तमिलनाडु में विगत तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वित की जा रही स्वास्थ्य परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजनाओं पर कितना व्यय होने की संभावना है और उक्त परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) क्या इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(घ) क्या सरकार ने इस संबंध में अब तक किए गए कार्य की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) तमिलनाडु के विभिन्न जिलों में कार्यान्वित की जा रही उक्त परियोजनाओं की जिला-वार वर्तमान स्थिति/ब्यौरा क्या है; और

(च) उक्त परियोजनाओं की आगे की प्रगति के लिए सरकार द्वारा क्या उचित कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) और (ख) **:** जन स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य का विषय है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके समग्र संसाधन-सीमा के भीतर उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई आवश्यकताओं के आधार पर जिला अस्पतालों तक उनकी

स्वास्थ्य परिचर्या प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है। भारत सरकार मानदंडों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही के रिकॉर्ड (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों के लिए अनुमोदन प्रदान करती है। तमिलनाडु सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य परियोजनाओं का ब्यौरा https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744. लिंक पर उपलब्ध है।

(ग) से (च): स्वास्थ्य राज्य का विषय है और विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकार की है। हालांकि, विभिन्न स्वास्थ्य परियोजनाओं के कार्यान्वयन, प्रगति और प्रदर्शन का सरकार द्वारा नियमित रूप से समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय दौरों, सेवा प्रदायगी के लिए बेंचमार्क स्थापित करके प्रदर्शन को बढ़ावा देने, उपलब्धियों को पुरस्कृत करने आदि के माध्यम से वार्षिक  कार्यक्रम योजना और राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी), सामान्य समीक्षा मिशन (सीआरएम), स्वास्थ्य निगरानी सूचना प्रणाली (एचएमआईएस), और एनएचएम-प्रगति निगरानी प्रणाली (पीएमएस) के माध्यम से मूल्यांकन किया जाता है।

तमिलनाडु सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य परियोजनाओं का ब्यौरा https://nhm.gov.in/index1.php?lang=1&level=1&sublinkid=1377&lid=744 लिंक पर उपलब्ध है।

सरकार ने भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों (आईपीएचएस), आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई), नि:शुल्क दवा सेवा पहल, नि:शुल्क निदान सेवा पहल, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, 15वें वित्त आयोग अनुदान, भारत कोविड-19 आपातकालीन अनुक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज (ईसीआरपी-I & II पैकेज), राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस), आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, ई-संजीवनी टेलीकंसल्टेशन सेवाओं के माध्यम से देश भर में स्वास्थ्य परिचर्या प्रणालियों को सुदृढ़ करने के लिए शुरुआत की है।

*****